आज से कर सकेंगे आवेदन

19 योजनाओं में बनेंगे 6663 आवास

जयपुर @ पत्रिका. राजस्थान आवासन मंडल 19 आवासीय योजनाओं में 6663 आवास बनाएगा। प्रदेश के विभिन्न शहरों में लॉन्च की गई इन आवासीय योजनाओं के लिए पंजीयन एक सितम्बर से शुरू होगा। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि इन योजनाओं में से 10 योजनाओं के लिए ऑनलाइन और नौ योजनाओं के लिए ऑफलाइन आवेदन लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री जन आवास योजना में 2500 आवास बनाए जाएंगे। वहीं मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी योजना में 720 आवास बनाने की योजना है। राजधानी में प्रताप नगर और इंदिरा गांधी नगर योजना में मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत 4 आवासीय योजनाएं बनाई जाएंगी। फ्लैट की कीमत 8 लाख 99 हजार रुपए रखी गई है। सेक्टर-26 प्रताप नगर में मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी योजना में फ्लैट 11 से 21.90 लाख रुपए में मिलेगा। वाटिका और महला में 1525 स्वतंत्र आवास बनाए जाएंगे। अल्पआय वर्ग को मिलेंगे यहां आवास।